Seat No. : _______________

MA-II-65

April-2007

Hindi

Paper-VII

Comparative Literature

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. तुलनात्मक साहित्य की परिभाषा देते हुए उसका स्वरूप स्पष्ट कीजिए । (15)

अथवा

तुलनात्मक साहित्य का अध्ययन क्षेत्र रेखांकित करते हुए भारतीय तुलनात्मक साहित्य की विशेषताएँ बताइए ।

2. भारतीय रंगमंच के परिप्रेक्ष्य में हयवदन एवं मृच्छकटिक के रंगमंचों की तुलना कीजिए । (15)

अथवा

खलनायक के रूप में शकार एवं इयागो की तुलना कीजिए ।

3. नायिका के रूप में देवसेना तथा वसंतसेना की तुलना कीजिए । (15)

अथवा

भारतीय नाटकों में विदूषक के पात्र का महत्त्व समझाते हुए मैत्रेय तथा मुद्गल का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

4. ऑथेलो तथा मृच्छकटिक के परिप्रेक्ष्य में भारतीय तथा पाश्चात्य प्रेम-अवधारणा की तुलना कीजिए । (15)

अथवा

वस्तु-विकास की दृष्टि से स्कन्दगुप्त नाटक तथा ऑथेलो नाटक की तुलना कीजिए ।

5. निम्नलिखित संक्षिप्त प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (20)

(अ) हयवदन नाटक का शीर्षक **अथवा** हयवदन के गीत

(आ) इमीलिया **अथवा** बियान्का

(इ) कमला **अथवा** रामा

(ई) मृच्छकटिक में दारिद्रय वर्णन **अथवा** दर्दुरक

6. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **(20)**

(1) कम्पैरेटिव लिटरेचर पद का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था ?

(अ) रवीन्द्रनाथ टैगोर (आ) मैथ्यू आर्नाल्ड

(इ) जी.डब्ल्यू.ई. रसल (ई) प्रो.लेन कूपर

(2) इनमें से कौन-सा तुलनात्मक अध्ययन के क्षेत्र में नहीं आता ?

(अ) निराला पर रवीन्द्र का प्रभाव (आ) रवीन्द्र पर शेली का प्रभाव

(इ) शमशेर पर निराला का प्रभाव (ई) मीरा और अण्डाल की कविता

(3) तुलनात्मक साहित्य की कुल कितनी दृष्टियाँ हैं ?

(अ) तीन (आ) चार

(इ) दो (ई) छ:

(4) संधिच्छेद अंक की मुख्य घटना क्या है ?

(अ) धूता-चारुदत्त का विच्छेद (आ) वसंतसेना-चारुदत्त का अलग होना

(इ) चारुदत्त के घर में सेंध लगना (ई) वसंतसेना का चारुदत्त के घर में गहने रखना

(5) मदनिका को वसंतसेना के यहाँ से किसने मुक्त किया ?

(अ) कुम्भीलक (आ) शर्विलक

(इ) कर्णपूरक (ई) वर्धमानक

(6) काणेलीपुत्र इनमें से कौन है ?

(अ) विट (आ) शकार

(इ) शर्विलक (ई) विदूषक

(7) चतुरंग दंड में इनमें से कौन-सा नहीं आता ?

(अ) शिरोमुंडन (आ) धनहरण

(इ) मानहरण (ई) कशाघात

(8) गुजरात में तुलनात्मक पाठ्यक्रम का विधिवत् अध्ययन कहाँ होता है ?

(अ) गुजरात विश्वविद्यालय (आ) सरदार पटेल विश्वविद्यालय

(इ) दक्षिण गुजरात विश्वविद्यालय (ई) गुजरात विद्यापीठ

(9) स्कन्दगुप्त नाटक में कितने नाम युक्त स्त्री पात्र हैं ?

(अ) सात (आ) नौ

(इ) पाँच (ई) आठ

(10) स्कन्दगुप्त नाटक में युवराज विक्रमादित्य का नाम क्या है ?

(अ) मातृगुप्त (आ) स्कन्दगुप्त

(इ) गोविन्दगुप्त (ई) कुमारगुप्त

(11) कमला कौन है ?

(अ) भटार्क की जननी (आ) शर्वनाग की स्त्री

(इ) मातृगुप्त की प्रणयिनी (ई) दासी

(12) देश की दुर्दशा निहारोगे-गीत स्कन्दगुप्त नाटक में कौन गाता है ?

(अ) पर्णदत्त (आ) स्त्रियाँ

(इ) देवसेना (ई) विजया

(13) डेस्डेमोना के पिता का नाम क्या है ?

(अ) ब्रैबेन्शियो (आ) लोडोविक

(इ) ग्रैशियानो (ई) मोनटानो

(14) डेस्डेमोना का रुमाल सबसे पहले किसे मिलता है ?

(अ) बियान्का (आ) इमीलिया

(इ) कैसियो (ई) इयागो

(15) खन खन प्याले बजे हमारे-गीत कौन गाता है ?

(अ) इयागो (आ) मूर

(इ) कैसियो (ई) बियान्का

(16) आदमी को वही होना चाहिए जो कि वह दिखाई दे – इस कथन का वक्ता कौन है ?

(अ) मूर (आ) इयागो

(इ) इमीलिया (ई) डैस्डेमोना

(17) बरसा दे हे परम कृपामय – गीत कौन गाता है ?

(अ) भागवत (आ) पद्मिनी

(इ) देवदत्त (ई) सभी मुख्य पात्र

(18) हयवदन नाटक का लक्ष्य क्या है ?

(अ) स्त्री-पुरुष संबंध उजागर करना ।

(आ) पूर्ण मनुष्य की खोज ।

(इ) शरीर और मस्तिष्क दोनों की श्रेष्ठता की कामना ।

(ई) पशु में से मनुष्य बनना ।

(19) देवी पद्मिनी की इच्छा क्यों पूरी करती है ?

(अ) क्योंकि देवी दयालु है । (आ) क्योंकि देवदत्त ने मस्तक चढ़ाया था ।

(इ) क्योंकि देवी को नींद आ रही थी । (ई) क्योंकि पद्मिनी सच बोली थी ।

(20) ऐसी आँसुओं में डूबी भावुकता में ही हमारा सारा भारतीय साहित्य और राष्ट्रीय जीवन भ्रष्ट हो गया है - यह किसका कथन है ?

(अ) देवदत्त (आ) हयवदन

(इ) भागवत (ई) देवी